बिहार लोक सेवा आयोग,
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना–सह–दिशा निर्देश

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अंतर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में प्राध्यापक (Professor) एवं सह प्राध्यापक (Associate Professor) तथा राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में विभागाध्यक्ष (H.O.D) के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा विज्ञापन प्रकाशित किये गये हैं। उक्त विज्ञापनों की कंडिका 9 (i) एवं (ii) के आलोक में आयोग द्वारा विज्ञापनवार निर्धारित तिथियों में ऑनलाईन समर्पित आवेदनों की हार्ड कॉपी उम्मीदवारों द्वारा आयोग कार्यालय में भेजना था। तदालोक में उपरोक्त पदों से सम्बन्धित विज्ञापनों के अतर्गत कतिपय आवेदकों का आवेदन की हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में अप्राप्त है। ऐसे आवेदको को सूचित किया जाता है कि अगर उन्होंने आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों के अंतर्गत हार्ड कॉपी प्रेषित किया हो तो इस सम्बन्ध में साक्ष्य (निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट की छायाप्रति) संलग्न करते हुए निर्धारित प्रारूप में भरकर आयोग के ई–मेल आई॰डी॰ bpscpat-bih@nic.in पर दिनांक 17.02.2021 तक निश्चित रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे। आवेदक आश्वस्त हो लें कि निर्धारित प्रारूप के साथ संलग्न साक्ष्य की छायाप्रति स्पष्ट एवं पठनीय हो। साक्ष्य के आधार पर जाँचोपरान्त सही पाए जाने की स्थिति में उनके द्वारा पूर्व से प्रेषित हार्ड कॉपी (प्राप्त होने की स्थिति में) के आधार पर विज्ञापन में निहित शर्त्तों के आलोक में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

प्राध्यापक (Professor),सह प्राध्यापक (Associate Professor) एवं विभागाध्यक्ष (H.O.D) से सम्बन्धित विज्ञापनों के ऐसे आवेदकों जिनका हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में अप्राप्त है, की सूची आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

निर्धारित तिथि तक विहित प्रारूप में वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में बाद में किसी प्रकार का अनुरोध/दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

1.2.21

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना